Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take adequate measures in hospitals to tackle Corona Virus menace in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री रामदास तडस (वर्धा): चीन के वुहान शहर से शुरू हुआ कोरोना वायरस का संक्रमण अब तक दुनिया के ज्यादातर देशों तक पहुंच चुका है। भारत इन देशों में से एक है। भारत में भी लोग कोरोना वायरस की वजह से दहशत में हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की कर्म भूमि सेवाग्राम आश्रम, विनोबा भावे जी की कर्म भूमि पवनार आश्रम, महानुभाव की काशी रिद्धापुर, बोर व्याघ्र प्रकल्प एवं महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय है। यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं तथा हिन्दी विश्वविद्यालयों में देश-विदेश से लोग पढ़ने के लिए आते हैं। देश-विदेश से लोग आने के कारण मेरे लोक सभा क्षेत्र में कोरोना वायरस का संक्रमण हो सकता है। देश में लगातार संदिग्ध मरीज सामने आने से कोरोना के बचाव के साधनों की मांग बढ़ गई है। सतर्कता रखने के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी सरकारी अस्पतालों में सर्दी, खांसी, एलर्जी की दवाओं को पर्याप्त मात्रा में रखने की आवश्यकता है एवं अस्पतालों में एन-95 मास्क (विशेष मास्क) तथा पीपी किट्स उपलब्ध करने की आवश्यकता है।

अत: आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा (महाराष्ट्र) के कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु एवं सतर्कता रखने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में सर्दी, खांसी, एलर्जी की दवा का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखने हेतु एवं अस्पतालों में एन-95 मास्क (विशेष मास्क) तथा पीपी किट्स उपलब्ध कराने की कृपा करें, जिससे कि सभी लोगों को कोरोना संक्रमण से रोकने हेतु इसका लाभ मिल सके।